# सप्ताह के शीर्ष करंट अफेयर्स (2 - 8 जून 2019)

### 1. 2 जून: तेलंगाना अपना पांचवां स्थापना दिवस मना रहा है

- तेलंगाना के नागरिकों ने उत्साह एवं जोश के साथ अपने स्थापना दिवस की पांचवीं वर्षगांठ मनाई।
- तेलंगाना की स्थापना 2 जून, 2014 को आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद हुई थी।
- तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने हैदराबाद के पब्लिक गार्डन स्थित जुबली हॉल के लॉन में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में तिरंगा फहराया।
- राज्य की राजधानी हैदराबाद और अन्य जिलों में भी उत्सव के रूप में सांस्कृतिक, खेल और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### सम्बंधित जानकारी

- तेलंगाना की सीमा उत्तर एवं उत्तर-पश्चिम में महाराष्ट्र राज्य, पश्चिम में छत्तीसगढ़, कर्नाटक और पूर्व एवं दक्षिण में आंध्र प्रदेश से लगी हुई है।

### 2. प्रतिभा पाटिल को मैक्सिको का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया गया

- भारत की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल (85 वर्षीय) को "ओर्डेन मेक्सिकाना डेल अगुइला एज़्टेका" (ऑर्डर ऑफ एज़्टेक ईगल) से सम्मानित किया गया, जो किसी विदेशी को दिया जाने वाला मैक्सिको का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।
- यह पुरस्कार उन्हें भारत में मैक्सिको की राजदूत मेल्बा परिया द्वारा पुणे स्थित MCCIA भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया।
- वह मैक्सिको का नागरिक पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला और केवल दूसरी भारतीय (पहले दिवंगत राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन) हैं।
- प्रतिभा पाटिल भारत की राष्ट्रपति (वर्ष 2007-2012 तक) के रूप में कार्य करने वाली पहली भारतीय महिला हैं।

### सम्बंधित जानकारी

- इस पुरस्कार की शुरूआत वर्ष 1993 में मैक्सिको के तत्कालीन राष्ट्रपति एबेलार्डो एल. रॉडरीगज द्वारा की गई थी।

### 3. नायीब बुकेले ने एल सैल्वाडोर के राष्ट्रपति पद की शपथ ली

- नायीब बुकेले (37-वर्षीय) ने मध्य अमेरिकी देश एल सैल्वाडोर के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की।



- श्री बुकेले को सैन सैल्वाडोर शहर के मध्य में स्थित नेशनल असेंबली के स्पीकर द्वारा शपथ दिलाई गई।
- इस समारोह में 83 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## 4. कस्तूरीरंगन समिति ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय को शिक्षा नीति पर नया मसौदा पेश किया

- इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ. कस्तूरीरंगन के नेतृत्व वाली समिति ने नई दिल्ली में मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) का मसौदा प्रस्तुत किया।
- नीति का मसौदा पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणालियों को शामिल करने, एक राष्ट्रीय शिक्षा आयोग के गठन और निजी स्कूलों के मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने की सिफारिश की गई है।
- विशेषज्ञ समिति ने बड़े बहुविषयक विश्वविद्यालयों या कॉलेजों में शिक्षक तैयारी एवं शिक्षा कार्यक्रम चलाकर अध्यापक शिक्षा में व्यापक परिवर्तन का प्रस्ताव रखा।
- विषयों में भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर गणित, खगोल विज्ञान, दर्शन शास्त्र, मनोविज्ञान, योग, वास्तुकला, चिकित्सा में भारतीय योगदान के साथ-साथ शासन, राजनीति, समाज एवं प्रकृति संरक्षण के पाठ्यक्रम शामिल होंगे।
- मौजूदा NEP वर्ष 1986 में तैयार की गई थी और वर्ष 1992 में संशोधित की गई थी।

## 5. अजीत डोवाल को मंत्रिमंडल में पद के साथ पुनः राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवानिवृत्त IPS अजीत डोवाल (74 वर्षीय) को अगले पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए पुन: 5वां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) नियुक्त किया है।
- श्री अजीत डोवाल (लगातार दो कार्यकालों में सेवा करने वाले पहले NSA) को मंत्रिमंडल में दर्जा भी दिया गया है।
- उनकी पुनर्नियुक्ति के साथ, मोदी की राष्ट्रीय सुरक्षा टीम – अन्य सदस्यों एस. जयशंकर (विदेश मंत्री) और अमित शाह (गृह मंत्री) के रूप में पूरी हो गई।
- इससे पहले, श्री डोवाल ने अपने ऑपरेशन विंग के प्रमुख के रूप में एक दशक बिताने के बाद वर्ष 2004–05 में इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) के निदेशक के रूप में कार्य किया।
- उनके पर्यवेक्षण में वर्ष 2016 भारतीय नियंत्रण रेखा स्ट्राइक (29 सितंबर, 2016 को) और बालाकोट एयर स्ट्राइक (26 फरवरी, 2019 को) की गईं।
- ब्रजेश मिश्रा (भारतीय विदेश सेवा कार्यालय) को भारत का पहला राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया था (नवंबर, 1998 में)।

## सम्बंधित जानकारी



- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) का वरिष्ठ अधिकारी और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति पर भारत के प्रधान मंत्री का मुख्य सलाहकार होता है।
- अक्टूबर, 2018 से, NSA के नेतृत्व में रणनीतिक नीति समूह (SPG) में कैबिनेट सचिव, तीनों सेनाओं के प्रमुख, और रक्षा, गृह एवं विदेश सचिव शामिल हैं।

### 6. 4 जून: आक्रामकता के शिकार मासूम बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस

- बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए आक्रामकता के शिकार मासूम बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा 4 जून को मनाया जाता है।
- यह दिवस 19 अगस्त, 1982 को प्रमाणित किया गया था।
- इसका उद्देश्य समूचे विश्व में उन बच्चों द्वारा सहे गए दर्द को स्वीकार करने हेतु विस्तारित है जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार से पीड़ित हैं।

### 7. ICA ने अबू धाबी में पहला UAE स्थाई आवास 'गोल्डन कार्ड' जारी किया

- UAE के संघीय पहचान और नागरिकता प्राधिकरण (ICA) ने अबू धाबी में पहला गोल्डन रेजिडेंस परमिट जारी किया है।
- यह निवेशकों की स्थायी निवास प्रणाली का एक हिस्सा है जिसका उद्देश्य मानदंडों को पूरा करने वाले निवेशकों, उद्यमियों और योग्य व्यक्तियों को आकर्षित करना है।
- फोर्ब्स पत्रिका की 2019 की अरबपतियों की सूची के अनुसार, अबू धाबी में रहने वाले केरल के टाइकून (4.7 बिलियन डॉलर) को संयुक्त अरब अमीरात में सबसे अमीर प्रवासी का दर्जा दिया गया है।
- भारतीय अरबपति एम.ए. यूसुफ अली को योजना के तहत संयुक्त अरब अमीरात में गोल्डन कार्ड दिया गया था।
- इससे पहले, UAE सरकार ने घोषणा की थी कि देश में 100 बिलियन दिरहम निवेश वाले 6,800 निवेशकों के पहले बैच को 'गोल्डन कार्ड' प्रदान किया जाएगा।
- इस योजना के तहत अपवाद स्वरूप डॉक्टरों, इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और कलाकारों को भी शामिल किया जाएगा।

### सम्बंधित जानकारी

- UAE जो 180 से अधिक देशों के प्रवासियों का घर है, वहां अब तक हर दो वर्ष में प्रवासियों के वीजा नवीनीकरण की व्यवस्था थी।

### 8. विश्व पर्यावरण दिवस आज मनाया जा रहा है

- विश्व पर्यावरण दिवस (WED) दुनिया भर में पर्यावरण की सुरक्षा हेतु जागरूकता एवं कार्यवाही को प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है।



- विश्व पर्यावरण दिवस 2019 का विषय "वायु प्रदूषण को परास्त करना" (Beat Air Pollution) है।
- चीन इस आयोजन के 44वें संस्करण का वैश्विक मेजबान राष्ट्र है।
- आज पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने नई दिल्ली में पर्यावरण भवन में पौधारोपण किया।

## सम्बंधित जानकारी

- विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण सुरक्षा की जागरूकता को प्रोत्साहित करने और इसकी आवश्यकता को बढ़ावा देने का एक मंच है।
- यह समुद्री प्रदूषण, मनुष्य की बढ़ती आबादी, और ग्लोबल वार्मिंग तथा दीर्घकालिक उपभोग और वन्यजीव अपराध से उभरते पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए एक प्रमुख अभियान (वर्ष 1974 में पहली बार आयोजित) है।

## 9. तेलंगाना ने 'रायथु बंधु योजना' के तहत मिलने वाली सहायता में 5000 रुपये तक की वृद्धि की

- तेलंगाना सरकार ने अपनी प्रमुख 'रायथु बंधु योजना' के तहत मिलने वाली सहायता को वर्ष 2019-20 के लिए 4000 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये करने की घोषणा की है।
- यह योजना राज्य सरकार का एक प्रारंभिक निवेश सहायता कार्यक्रम है, जिसमें प्रत्येक मौसम में किसान को कृषि और बागवानी फसलों के लिए आय सहायता प्रदान की जाती है, जिसका उपयोग बीज, उर्वरक, कीटनाशक, श्रमिक और अन्य कृषि कार्यों जैसे निवेश खरीदने में किया जाता है।
- RBI भुगतान प्लेटफॉर्म ई-कुबेर का उपयोग करके 5000 रुपये (प्रति एकड़ प्रति किसान प्रत्येक मौसम) का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण के माध्यम से किया जाएगा।

## 10. RBI ने रेपो रेट 25 आधार अंक घटाकर 5.75% की

- आज भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मुंबई में वर्ष 2019-20 के लिए अपनी दूसरी द्वैमासिक मौद्रिक नीति दरों की घोषणा की।
- द्वैमासिक नीति दरें (पॉलिसी रेट) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति के मूल्यांकन के आधार पर जारी की गई है।
- RBI गवर्नर के नेतृत्व में छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने मौद्रिक नीति की अवस्थिति को उदासीन से बदलकर उदार करने का निर्णय लिया।
- RBI ने तरलता समायोजन सुविधा (LAF) के तहत पॉलिसी रेपो रेट को तत्काल प्रभाव से 6.0 प्रतिशत से घटाकर 5.75 प्रतिशत कर दिया।
- फलस्वरूप, LAF के तहत रिवर्स रेपो रेट 5.50 प्रतिशत हो गई।
- सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) दर और बैंक दर 6.0 प्रतिशत हैं।

## वर्तमान पॉलिसी रेट:



| | |
|---|---|
| पॉलिसी रेपो रेट | 5.75% |
| रिवर्स रेपो रेट | 5.50 % |
| सीमांत स्थायी सुविधा दर | 6.0% |
| बैंक दर | 6.0% |
| CRR | 4 % |

### 11. सरकार ने आठ मंत्रिमंडल समितियों का पुनर्गठन किया

- मंत्रिमंडल सचिवालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्र सरकार ने आठ मंत्रिमंडल समितियों का पुनर्गठन किया है।
- ये समितियां नियुक्ति समिति, आवास समिति, आर्थिक मामलों की समिति, संसदीय कार्य समिति, राजनीतिक मामलों की समिति, सुरक्षा समिति, निवेश और विकास समिति तथा रोजगार एवं कौशल विकास पर मंत्रिमंडल समिति हैं।
- सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर होंगे।

### 12. AFC ने चीन द्वारा 2023 एशियाई कप की मेजबानी करने की पुष्टि की

- एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC) के अनुसार, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया द्वारा अपना नाम वापस लेने के बाद चीन 2023 एशियाई कप (फुटबॉल) की मेजबानी करेगा।
- चीन प्रत्येक चार वर्ष में होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट की दूसरी बार मेजबानी करेगा।
- वर्ष 2004 के संस्करण में, चीन जापान के खिलाफ उपविजेता बना था।
- UAE में आयोजित इस वर्ष के एशियाई कप का पहली बार 24 देशों में विस्तार किया गया और कतर ने जापान को हराकर 3-1 से फाइनल जीता था।

### 13. 'साइक्लोन मैन' मृत्युंजय महापात्रा को IMD प्रमुख नियुक्त किया गया

- प्रख्यात वैज्ञानिक और चक्रवात चेतावनी के विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय महापात्रा को पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग(IMD) का प्रमुख नियुक्त किया गया है।
- IMD देश में मौसम और जलवायु संबंधी पूर्वानुमान के लिए उत्तरदायी है।
- IMD के लिए चक्रवात, धूल भरी आंधी, भारी वर्षा और बर्फ, ठंड और लू जैसी गंभीर मौसम संबंधी घटनाओं के बारे में लोगों को चेतावनी जारी करना भी अनिवार्य है।
- IMD में शामिल होने से पहले, श्री महापात्रा (भारत के साइक्लोन मैन के रूप में प्रसिद्ध) चांदीपुर में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की प्रयोगशाला में कार्यरत थे।



## सम्बंधित जानकारी

- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक एजेंसी है, जिसका मुख्यालय दिल्ली में है।
- इसे उत्तरी हिंद महासागर क्षेत्र में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के लिए चेतावनी, नाम और विस्तार का उत्तरदायित्व प्रदान किया गया है, जिसमें मलक्का जलडमरूमध्य, बंगाल की खाड़ी, अरब सागर और फारस की खाड़ी शामिल हैं।

## 14. सुंदर पिचाई और फ्रीडमैन को 2019 ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड प्रदान किया जाएगा

- संयुक्त राज्य अमेरिका में, भारतीय मूल के गूगल के सी.ई.ओ सुंदर पिचाई (46-वर्षीय) और नैस्डैक की अध्यक्ष एडेना फ्रीडमैन (50-वर्षीय) को व्यापार समर्थन ग्रुप USIBC द्वारा प्रतिष्ठित ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड 2019 के लिए चुना गया है।
- उन्हें अग्रणी प्रौद्योगिकी संचालित प्लेटफार्मों के रूप में कंपनियों के योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
- पिचाई और फ्रीडमैन को वाशिंगटन स्थित अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (USIBC) द्वारा यह पुरस्कार अगले सप्ताह आयोजित होने वाले 'भारत विचार शिखर सम्मेलन' के दौरान प्रदान किया जाएगा।

## सम्बंधित जानकारी

- ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड वार्षिक रूप से (वर्ष 2007 से) प्रदान किए जाते हैं।
- USIBC ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड अमेरिका और भारत के उन शीर्ष कॉर्पोरेट अधिकारियों को सम्मानित करते हैं जिनकी कंपनियां अमेरिका-भारत वाणिज्यिक गलियारे में विकास को प्रेरित करने में प्रमुख भूमिका निभाती हैं।
- 30 से अधिक श्रेणियों में उपलब्धियां हासिल करने वाले इस अद्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे।

## 15. 7 जून : विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस

- विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस (WFSD) दुनिया भर में हर वर्ष 7 जून को मनाया जाता है।
- विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस (WFSD) 2019 का विषय "खाद्य सुरक्षा, सभी का कार्य" (Food Safety, everyone's business) है।
- खाद्य सुरक्षा संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण साधन है और यह सरकारों, उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच एक साझा जिम्मेदारी है।

## 16. रूस ने पहली आर्कटिक ट्रेन सेवा 'ज़ारेनगोल्ड' की शुरूआत की


Free Test for CDS II 2019 Exam
ATTEMPT NOW

- रूस के आर्कटिक क्षेत्र और नॉर्वे से होकर गुजरने वाली पहली पर्यटक ट्रेन, सेंट पीटर्सबर्ग स्टेशन (रूस) से 91 यात्रियों के साथ पहली यात्रा के लिए रवाना हुई।
- ये पर्यटक अमेरिका, जर्मनी, नॉर्वे और रूस समेत सात देशों से आए थे।
- आयोजकों के अनुसार, दो रेस्तरां कारों वाली ट्रेन, जिसका नाम ज़ारेनगोल्ड है, सेंट पीटर्सबर्ग से होकर जाएगी।
- पूरी यात्रा में 11 दिन लगेंगे और यात्रियों को उन क्षेत्रों की खोज करने की आसानी होगी जहां अन्य माध्यमों से मुश्किल से पहुंचा जाता है।

## 17. भारत और फ्रांस जुलाई में बड़ा वायुसेना अभ्यास 'गरुड़ VI' आयोजित करेंगे

- भारत और फ्रांस की वायु सेनाएं 1 जुलाई, 2019 से फ्रांस में एक हवाई अड्डे पर दो सप्ताह लंबे बहुत बड़े वायुसेना अभ्यास 'गरुड़ VI' का आयोजन करेंगी।
- 'गरुड़ VI' अभ्यास दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को बढ़ाएगा।
- भारत की ओर से, सुखोई 30 लड़ाकू विमान का एक बेड़ा अभ्यास के कृत्रिम परिदृश्यों में फ्रांस के मल्टीरोल विमान राफेल के साथ आमने-सामने की लड़ाई में भाग लेगा।

## 18. 8 जून: विश्व महासागर दिवस

- विश्व महासागर दिवस (WOD) समुद्र और इसके संसाधनों के संरक्षण के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्यवाही करने का अवसर प्रदान करने हेतु हर वर्ष 8 जून को मनाया जाता है।
- विश्व महासागर दिवस- 2019 का विषय "प्रकृति और महासागर" (Gender and Oceans) है।
- इस अनुयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य हितकर महासागर के लिए प्लास्टिक प्रदूषण को रोकना और समाधान को बढ़ावा देना है।
- महासागर परियोजना ने वर्ष 2002 से वैश्विक स्तर पर विश्व महासागर दिवस को बढ़ावा दिया और समन्वयित किया है।

## 19. न्यायमूर्ति धीरूभाई नारनभाई पटेल ने दिल्ली उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली

- न्यायमूर्ति धीरूभाई नारनभाई पटेल (59 वर्षीय) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ग्रहण की।
- उपराज्यपाल अनिल बैजल ने राज निवास में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति पटेल को पद की शपथ दिलाई।
- इससे पहले, न्यायमूर्ति पटेल झारखंड उच्च न्यायालय (24 मई 2019 से 6 जून, 2019 तक) में तैनात थे।
- सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए उनके नाम की सिफारिश की थी।



- 60 की अनुमोदित संख्या के साथ, दिल्ली उच्च न्यायालय में लगभग 24 न्यायाधीशों की कमी है।

## सम्बंधित जानकारी

- दिल्ली उच्च न्यायालय की स्थापना 31 अक्टूबर, 1966 को हुई थी।

## 20. आशीश रे द्वारा लिखित पुस्तक "क्रिकेट वर्ल्ड कप" का विमोचन हुआ

- अनुभवी क्रिकेट प्रसारक और लेखक आशीश रे की एक नई पुस्तक 'क्रिकेट वर्ल्ड कप: द इंडियन चैलेंज' का विमोचन हुआ।
- यह पुस्तक भारतीय परिप्रेक्ष्य से टूर्नामेंट के इतिहास पर आधारित है।
- इस पुस्तक में वर्ष 1975 से 2015 तक के सभी टूर्नामेंटों और इसके साथ ही सेमी-फाइनल और फाइनल (चाहे उनमें भारत हो या न हो) की जानकारी दी गई है।
- पुस्तक का औपचारिक अनावरण इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी टॉम हैरिसन द्वारा किया गया।

